## Set 04 - UPSSSC PET 2022 15-10-2022 [Shift 2]_Formatted

**1. The reason for launching the "Civil Disobedience Movement" by Mahatma Gandhi in 1930 was:**
**1930 में महात्मा गांधी द्वारा "सविनय अवज्ञा आंदोलन" शुरू करने का कारण था:**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. Asking the Viceroy through a letter containing the Eleven Points Programme to remove the evils of the British rule. / ब्रिटिश शासन की बुराइयों को दूर करने के लिए ग्यारह सूत्री कार्यक्रम वाले एक पत्र के माध्यम से वायसराय को बताना।

C. Dandi March to break the Salt Laws. / नमक कानून तोड़ने के लिए दांडी मार्च।

D. Asking the people to take the Poorna Swaraj Pledge. / लोगों से पूर्ण स्वराज प्रतिज्ञा लेने के लिए कहने हेतु।

**2. Which among the following was the consequence of the Revolt of 1857?**
**निम्नलिखित में से कौन सा 1857 के विद्रोह का परिणाम था?**

A. Transferred the powers of the East India Company to the British Crown. / ईस्ट इंडिया कंपनी की शक्तियों को ब्रिटिश क्राउन में हस्तांतरित कर दिया।

B. The British decided to crush the customary religious and social practices of the people in India. / अंग्रेजों ने भारत में लोगों की प्रथागत धार्मिक और सामाजिक प्रथाओं को कुचलने का फैसला किया।

C. Policies to protect landlords were abolished. / जमींदारों की रक्षा की नीतियों को समाप्त कर दिया गया।

D. The British decided that the proportion of Indian soldiers in the army would be increased. / अंग्रेजों ने फैसला किया कि सेना में भारतीय सैनिकों का अनुपात बढ़ाया जाएगा।

**3. Which of the following is the Earth's largest inland body of water?**
**निम्नलिखित में से कौन पृथ्वी का सबसे बड़ा अंतःस्थलीय जल निकाय है?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. Lake Superior / सुपीरियर झील

C. Caspian Sea / कैस्पियन सागर

D. Lake Baikal / बैकाल झील

**4. Which of the following was free India's first Indian Governor-General?**
**निम्नलिखित में से कौन स्वतंत्र भारत का पहला भारतीय गवर्नर-जनरल था?**

A. Khan Abdul Gaffar Khan / खान अब्दुल गफ्फार खान

B. Maulana Azad / मौलाना आज़ाद

C. C. Rajagopalachari / सी. राजगोपालाचारी

D. Sardar Vallabhbhai Patel / सरदार वल्लभभाई पटेल

**5. Burma was separated from India by which of the following Act?**
**निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा बर्मा को भारत से अलग किया गया था?**

A. Government of India Act, 1935 / भारत सरकार अधिनियम, 1935

B. Queen's Proclamation / रानी की उद्घोषणा

C. Minto-Morley Reforms / मिंटो-मॉर्ले सुधार

D. Montague-Chelmsford Reforms, 1919 / मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार, 1919

**6. Who raised the Indian National Army (INA), to free India from British control?**

भारत को ब्रिटिश नियंत्रण से मुक्त करने के लिए, भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) का गठन किसने किया?

A. Ras Bihari Bose / रास बिहारी बोस

B. Bhagat Singh / भगत सिंह

C. Mohan Singh / मोहन सिंह

D. Subhas Chandra Bose / सुभाष चंद्र बोस

**7. Teak forests are found in which of the following states of India?**
**सागौन के जंगल भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में पाए जाते हैं?**

A. Himachal Pradesh / हिमाचल प्रदेश

B. Madhya Pradesh / मध्य प्रदेश

C. Punjab / पंजाब

D. Jharkhand / झारखंड

**8. The normal rainfall increases suddenly and continues constantly for several days is known as the ______ of the monsoon.**
**सामान्य वर्षा में अचानक वृद्धि हो जाती है और कई दिनों तक लगातार जारी रहती है। इसे मानसून का ______ कहा जाता है।**

A. End / अंत

B. Rest / विश्राम

C. Burst / प्रस्फोट (फटना)

D. Test / परीक्षण

**9. What is the full form of GMT?**
**जी.एम.टी. (GMT) का पूर्ण रूप क्या है?**

A. Greenwich Mega Time / ग्रीनविच मेगा टाइम

B. Greenwich Mean Time / ग्रीनविच मीन टाइम

C. Greenwich Mid Time / ग्रीनविच मिड टाइम

D. Gold Mean Time / गोल्ड मीन टाइम

**10. By what name is the annual number of live births per 1,000 people called?**
**प्रति 1,000 लोगों पर जीवित जन्मों की वार्षिक संख्या को किस नाम से जाना जाता है?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. General Fertility Rate / सामान्य प्रजनन दर

C. Total Fertility Rate / कुल प्रजनन दर

D. Crude Birth Rate / क्रूड (अशोधित) जन्म दर

**11. How many leading private banks were nationalised in 1969?**
**1969 में कितनी प्रमुख निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. 12

C. 6

D. 14

**12. ______ Industries were reserved exclusively for the public sector after the economic reforms of 1991.**
**1991 के आर्थिक सुधारों के बाद ______ उद्योग विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित थे।**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. Atomic energy generation / परमाणु ऊर्जा उत्पादन

C. Metro transport / मेट्रो परिवहन

D. Communication / संचार

**13. ______ was the last Deputy Chairman of the Planning Commission.**
**______ योजना आयोग के अंतिम उपाध्यक्ष थे।**

A. Shri Montek Singh Ahluwalia / श्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया

B. Shri R.P. Sinha / श्री आर.पी. सिन्हा

C. Shri Shyamal Ghosh / श्री श्यामल घोष

D. Shri Vinay Kohli / श्री विनय कोहली

**14. Which of the following sector is the largest employer of India?**
**निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र भारत का सबसे बड़ा नियोक्ता है?**

A. Primary Sector / प्राथमिक क्षेत्र

B. Quaternary Sector / चतुर्थक क्षेत्र

C. Tertiary Sector / तृतीयक क्षेत्र

D. Secondary Sector / द्वितीयक क्षेत्र

**15. Which among the following states was chosen as the Initiation site in India for Green Revolution?**
**निम्नलिखित में से किस राज्य को हरित क्रांति के लिए भारत में आरंभ स्थल के रूप में चुना गया था?**

A. Punjab / पंजाब

B. Bihar / बिहार

C. Andhra Pradesh / आंध्र प्रदेश

D. Tamil Nadu / तमिलनाडु

**16. Which among the following Articles is for "Protection of Interests of Minorities"?**
**निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद "अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण" के लिए है?**

A. Article 30 / अनुच्छेद 30

B. Article 26 / अनुच्छेद 26

C. Article 27 / अनुच्छेद 27

D. Article 29 / अनुच्छेद 29

**17. Through the 42nd amendment, which of the new DPSP (Directive Principles of State Policy) was added to the Constitution?**
**42वें संशोधन के माध्यम से संविधान में कौन सा नया DPSP (राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत) जोड़ा गया?**

A. Prohibit the consumption of intoxicating drinks and drugs. / मादक पेय और ड्रग की खपत को प्रतिबंधित करना।

B. Equal justice and free legal aid. / समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता।

C. Promote international peace and security between nations. / राष्ट्रों के बीच अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना।

D. State need to minimise inequalities in income, status, facilities and opportunities. / आय, स्थिति, सुविधाओं और अवसरों में असमानताओं को कम करने की राज्य की आवश्यकता।

**18. Which among the following are Fundamental Duties?**
**निम्नलिखित में से कौन से मौलिक कर्तव्य हैं?**

A. All of these / ये सभी

B. Safeguard public property. / सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना।

C. Develop scientific temper and humanism. / वैज्ञानिक दृष्टिकोण और मानववाद विकसित करना।

D. Protect the sovereignty, integrity and unity of India. / भारत की संप्रभुता, अखंडता और एकता की रक्षा करना।

**19. The element common to all acids is:**
**सभी अम्लों में समान तत्त्व है:**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. Hydrogen / हाइड्रोजन

C. Carbon / कार्बन

D. Sulphur / सल्फर

**20. Non-stick cooking utensils are coated with ______.**
**नॉनस्टिक खाना पकाने के बर्तन ______ से लेपित होते हैं।**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. Teflon / टेफ्लॉन

C. PVC / पीवीसी

D. Black paint / काले रंग

**21. As per Article 245, ______ is the function of Parliament.**
**अनुच्छेद 245 के अनुसार ______ संसद का कार्य है।**

A. Criticising Government / सरकार की आलोचना करना

B. Governing / शासन करना

C. Law-making / कानून बनाना

D. Collecting Taxes / कर एकत्र करना

**22. The Sarkaria Commission is related to which of the following?**
**सरकारिया आयोग निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. Election Reforms / चुनाव सुधारों

B. Centre & State Relations / केंद्र और राज्य संबंध

C. Freedom of Press in India / भारत में प्रेस की स्वतंत्रता

D. Banking & Financial Sector / बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र

**23. Light year is a measurement of ______.**
**प्रकाश वर्ष ______ का एक माप है।**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. Speed of aero planes / हवाई जहाजों की गति

C. Speed of light / प्रकाश की गति

D. Stellar Distance / तारकीय दूरी

**24.** $\frac{(2.1)^3+(5.8)^3}{(2.1)^2-2.1\times5.8+(5.8)^2}$

A. 7.9

B. 4.9

C. 5.9

D. 6.9

**25. In an exam, 70% candidates passed in Physics and 80% candidates passed in reasoning. If 55% candidates passed in both these subjects, what percent of candidates failed in both subjects?**
**एक परीक्षा में, 70% अभ्यर्थी भौतिकी में उत्तीर्ण हुए और 80% अभ्यर्थी तर्कणा में उत्तीर्ण हुए। यदि इन दोनों विषयों में 55% अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए, तो दोनों विषयों में कितने प्रतिशत अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हुए?**

A. 35%

B. 5%

C. 15%

D. 25%

**26. Which of the following is the most intelligent mammal?**
**निम्नलिखित में से कौन सबसे बुद्धिमान स्तनधारी है?**

A. Rat / चूहा

B. Whale / व्हेल

C. Dolphin / डॉल्फ़िन

D. Elephant / हाथी

**27. Plant development is influenced by:**
**पौधों का विकास किससे प्रभावित होता है?**

A. Quality, quantity and duration of light. / प्रकाश की गुणवत्ता, मात्रा और अवधि

B. Quality of light only. / केवल प्रकाश की गुणवत्ता

C. Quality and quantity of light. / प्रकाश की गुणवत्ता और मात्रा

D. Quality and duration of light. / प्रकाश की गुणवत्ता और अवधि

**28. Out of the given fractions $\frac{4}{9},\frac{5}{7},\frac{11}{13},\frac{13}{17}$, which one is the largest?**

**दिए गए भिन्नों $\frac{4}{9},\frac{5}{7},\frac{11}{13},\frac{13}{17}$ में से सबसे बड़ा कौन सा है?**

A. $\frac{13}{17}$

B. $\frac{4}{9}$

C. $\frac{5}{7}$

D. $\frac{11}{13}$

**29.** $\sqrt{(9 - 4\sqrt{5})} =$

A. $\sqrt{3} + 5$

B. $\sqrt{5} - 2$

C. $\sqrt{2} - 5$

D. $\sqrt{5} + 3$

**30. The average of 308, 125, 45, 120 and 102 is:**
**308, 125, 45, 120 और 102 का औसत है:**

A. 140
B. 110
C. 120
D. 130

**31. 'स्थावर' का विलोम शब्द है:**

A. जंगम
B. सचल
C. चंचल
D. चेतन

**32. 'बिल्ली को पहले ही दिन मारना चाहिए' का अर्थ है—**

A. रौब पहले ही दिन पड़ता है, बाद में नहीं।
B. भय का शमन शुरू में ही कर देना चाहिए।
C. जिस व्यक्ति के आश्रय में रहना, उसी को हानि पहुँचाना।
D. बुरा समय आते ही सचेत हो जाना चाहिए।

**33. 'स्वल्प' का संधि-विच्छेद क्या होगा?**

A. सू + अल्प
B. स्व + अल्प
C. स् + अल्प
D. सु + अल्प

**34. "इति – ईति" का सही अर्थ भेद है:**

A. पूर्णता – इच्छा
B. समाप्ति – विघ्न
C. प्रारंभ – विश्वास
D. पीड़ा – समापन

**35. 'ईश्वर में विश्वास रखने वाला' —इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइये।**

A. आस्तिक

B. भक्त

C. नास्तिक

D. श्रद्धावान

*Read the passage carefully and answer the corresponding questions: (Q. 36 and 37)*

*Valentine's Day, February 14, is a holiday that celebrates love and friendship in the United States. Most people think of it as a romantic day to show the one you love how much you care by purchasing cards and gifts. Valentine's Day is also an extremely commercial holiday. People spend money on flowers, balloons, chocolates, stuffed animals and jewellery. People also go out for expensive dinners. Valentine's Day is even celebrated by school children, who give thank-you cards to their teachers. Some high schools have Valentine's Day dances. Classmates give each other little cards. These cards can be purchased at any store with famous cartoon characters. It is considered much more thoughtful to have kids make handmade cards to give to friends and teachers.*

*Valentine's Day is also a great day to announce your love to someone like a secret crush. Some people even get married on Valentine's Day. However, you don't have to be in love to share in the festivities. You can say "Happy Valentine's Day" to friends and co-workers. Valentine's Day is not an official holiday though in the U.S., meaning government offices and schools are open as usual. The date used to be the celebration of a Saint named Valentine who allegedly saved a young girl's life. It wasn't until the Middle Ages that romance somehow got mixed in with the date and lovers would send each other handwritten love notes. Back then you couldn't just go to the store and buy a card the way you can now.*

**36. According to the passage, what do school children gift their teachers?**

A. Jewellery

B. Chocolates

C. Thank-you Cards

D. Balloons

**37. According to the passage, is Valentine’s Day officially a holiday?**

A. Probably

B. Yes

C. No

D. Not Specified

**38. Choose the correct synonym of “Tame”.**

A. Animated

B. Docile

C. Spirited

D. Free

**39. Choose the correct antonym of “Rapid”.**

A. Free

B. Tardy

C. Mean

D. Adventurous

**40. Give one-word substitute for the following:**

**“one who is indifferent to pleasure or pain.”**

A. Orphan
B. Stoic
C. Mercenary
D. Optimist

**41. Pointing to a photograph A said to his friend B, “She is the only daughter of the father of my mother.” How is A related to the person in the photograph?**
**एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए A ने अपने दोस्त B से कहा, “वह मेरी माँ के पिता की इकलौती बेटी है।” A, फोटोग्राफ वाले व्यक्ति से किस प्रकार संबंधित है?**

A. Son / बेटा
B. Niece / भानजी
C. Nephew / भानजा
D. Maternal Uncle / मामा

**42. Read both the statements and decide which of the following answer choice correctly depicts the relationship between these two statements.**

**Statements:**

**I. The Laptop manufacturing companies have recently increased the prices of Laptops.**

**II. The Government recently increased the duty on Laptops.**
**दोनों कथनों को पढ़ें और तय करें कि निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर विकल्प इन दोनों कथनों के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है।**

**कथन:**

**I. लैपटॉप निर्माण कंपनियों ने हाल ही में लैपटॉपों की कीमतों में वृद्धि की है।**

**II. सरकार ने हाल ही में लैपटॉपों पर शुल्क बढ़ाया है।**

A. Both the statements I and II are effects of independent causes. / कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव है।
B. Statement I is the cause and Statement II is its effect. / कथन I कारण है और कथन II इसका प्रभाव है।
C. Statement II is the cause and Statement I is the effect. / कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है।
D. Both the statement I and II are independent causes. / कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारण है।

**43. Bharat Gaurav Tourist Train was flagged off between India and ______, as part of Ramayana Circuit in June 2022.**
**भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को जून 2022 में रामायण सर्किट के हिस्से के रूप में भारत और ______ के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।**

A. Sri Lanka / श्रीलंका
B. Nepal / नेपाल
C. Bangladesh / बांग्लादेश
D. Bhutan / भूटान

**44. India gifted 75 ambulances and 17 school buses to which among the following countries as part of its ongoing efforts to build on the "robust and longstanding" partnership between the two countries?**
**भारत ने दोनों देशो के बीच “मजबूत और दीर्घकालिक” साझेदारी के निर्माण के लिए चल रहे प्रयासों के तहत निम्नलिखित में से किस देश को 75 एम्बुलेंस और 17 स्कूल बसें उपहार में दीं?**

A. Bangladesh / बांग्लादेश
B. Sri Lanka / श्रीलंका
C. Nepal / नेपाल
D. Ukraine / यूक्रेन

**45. In the following question, select the odd one out from the given alternatives.**
**निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से असंगत का चयन कीजिए ।**

A. 701
B. 101
C. 301
D. 401

**46. It was Sunday on 1 January 2006. What was the day of the week on 1 January 2010?**
**1 जनवरी 2006 को रविवार था। 1 जनवरी 2010 को सप्ताह का कौन-सा दिन था?**

A. Wednesday / बुधवार
B. Sunday / रविवार
C. Saturday / शनिवार
D. Friday / शुक्रवार

**47. If in certain language ACTIVE is coded as EDUJWA, how is EFFECT coded in that code?**
**यदि किसी निश्चित भाषा में ACTIVE को EDUJWA के रूप में कोडित किया जाता है, तो उस कोड में EFFECT को कैसे कोडित किया जाएगा?**

A. EOFGTG
B. TGGFDE
C. EFFTEC
D. TCEFFE

In the word ACTIVE, alphabet A and E interchange their place and the rest alphabets are changed to its next alphabets.

शब्द ACTIVE में, अक्षरों A और E के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं और शेष अक्षरों को उनके अगले अक्षर से बदल दिया जाता है।




**48. Which of the following State Government launched ₹ 5,000 'Kashi Yatra' subsidy scheme?**
**निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार ने 5,000 रुपये की 'काशी यात्रा' सब्सिडी योजना शुरू की?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. Karnataka / कर्नाटक

C. Kerala / केरल

D. Tamil Nadu / तमिलनाडु

**49. In June, 2022, India announced the 'Commonwealth Diplomatic Academy Programme' with which among the following countries?**
**जून 2022 में, भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ 'कॉमनवेल्थ डिप्लोमैटिक एकेडमी प्रोग्राम' की घोषणा की?**

A. France / फ्रांस

B. UK / यू.के.

C. Italy / इटली

D. Australia / ऑस्ट्रेलिया

**50. ______ Company signed an MoU with a Belarusian company and its subsidiary for the supply of ADS for helicopters of the IAF.**
**______ कंपनी ने IAF के हेलीकॉप्टरों के लिए ADS की आपूर्ति हेतु एक बेलारूसी कंपनी और उसकी सहायक कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।**

A. Hindustan Aeronautics Limited / हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड

B. Bharat Dynamics / भारत डायनेमिक्स

C. Bharat Electronics Limited / भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

D. Engineers India Limited / इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड

**51. Which among the following Indian states has launched a new scheme named 'Naari Ko Naman'?**
**निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य ने 'नारी को नमन' नाम से एक नई योजना शुरू की है?**

A. Odisha / ओडिशा
B. Himachal Pradesh / हिमाचल प्रदेश
C. Uttar Pradesh / उत्तर प्रदेश
D. Punjab / पंजाब

**52. PM Narendra Modi inaugurated and laid the foundation stone of initiatives worth ₹1,800 crores at an event at Dr. Sampurnanand Sports Stadium in which among the following districts?**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निम्नलिखित में से किस जिले में डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक कार्यक्रम में 1,800 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया?**

A. Varanasi / वाराणसी
B. Kanpur Nagar / कानपुर नगर
C. Lucknow / लखनऊ
D. Meerut / मेरठ

**53. Which institution released a report titled 'India's Booming Gig and Platform Economy'?**
**किस संस्थान ने 'इंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमी' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की?**

A. World Bank / विश्व बैंक
B. International Monetary Fund / अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. NITI Aayog / नीति आयोग
D. International Labour Organisation / अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

**54. Which of the following state government is planning to build an education township on the idea of 'Single Entry, Multiple Exit'?**
**निम्नलिखित में से कौन सी राज्य सरकार 'सिंगल एंट्री, मल्टीपल एग्जिट' के विचार पर एक एजुकेशन टाउनशिप बनाने की योजना बना रही है?**

A. Karnataka / कर्नाटक
B. Haryana / हरियाणा
C. Uttar Pradesh / उत्तर प्रदेश
D. Rajasthan / राजस्थान

**55. Which among the following is the smallest Union Territory of India?**
**निम्नलिखित में से कौन भारत का सबसे छोटा केंद्र शासित प्रदेश है?**

A. Daman and Diu / दमन और दीव
B. Ladakh / लद्दाख
C. Andaman and Nicobar Islands / अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
D. Lakshadweep / लक्षद्वीप

**56. A new digital platform 'Campus Power' for student ecosystem has been launched by which bank?**
**छात्र पारिस्थितिकी के लिए एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म 'कैंपस पॉवर' किस बैंक द्वारा लॉन्च किया गया है?**

A. ICICI Bank / आई.सी.आई.सी.आई. बैंक

B. State Bank of India / भारतीय स्टेट बैंक

C. Punjab National Bank / पंजाब नेशनल बैंक

D. HDFC Bank / एच.डी.एफ.सी. बैंक

**57. How many states of India share border with Bangladesh?**
**भारत के कितने राज्य बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करते हैं?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. 5

C. 7

D. 6

**58. What among the following is the national currency of Poland?**
**निम्नलिखित में से पोलैंड की राष्ट्रीय मुद्रा क्या है?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. Yen / येन

C. Zloty / ज़्लॉटी

D. Dollar / डॉलर

**59. ______ is a popular classical dance of Uttar Pradesh.**
**______ उत्तर प्रदेश का एक लोकप्रिय शास्त्रीय नृत्य है।**

A. Kuchipudi / कुचिपुड़ी

B. Kathak / कत्थक

C. Kathakali / कथकली

D. Mohiniattam / मोहिनीअट्टम

**60. Who among the following has the power to prorogue the Lok Sabha sessions?**
**निम्नलिखित में से किसके पास लोकसभा सत्र को स्थगित करने की शक्ति है?**

A. Speaker of the Rajya Sabha / राज्य सभा अध्यक्ष

B. President of India / भारत के राष्ट्रपति

C. Prime Minister / प्रधानमंत्री

D. Speaker of the Lok Sabha / लोक सभा अध्यक्ष

**61. "International Day of Non-Violence" is observed on which among the following days?**
**"अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस" निम्नलिखित में से किस दिन मनाया जाता है?**

A. 23 March / 23 मार्च

B. 10 December / 10 दिसंबर

C. 30 January / 30 जनवरी

D. 2 October / 2 अक्टूबर

**62. Tomb (the burial place) of Vasco-da-Gama is situated in which among the following place of India?**
**वास्को-डि-गामा का मकबरा (दफ़न स्थान) भारत के निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?**

A. Durgapur (West Bengal) / दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल)

B. Chittorgarh (Rajasthan) / चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)

C. Kochi (Kerala) / कोच्चि (केरल)

D. Coimbatore (Tamil Nadu) / कोयंबटूर (तमिलनाडु)

**63. "Thomas Cup" is related to which among the following games?**
**"थॉमस कप" निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है?**

A. Basket Ball / बास्केट बॉल

B. Badminton / बैडमिंटन

C. Tennis / टेनिस

D. Cricket / क्रिकेट

**64. The famous book —'Wings of Fire' is an autobiography of**
**प्रसिद्ध पुस्तक 'विंग्स ऑफ़ फायर' किसकी आत्मकथा है?**

A. Sarojini Naidu / सरोजिनी नायडू

B. Dr. A.P.J. Abdul Kalam / डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

C. Mahatma Gandhi / महात्मा गांधी

D. Jawaharlal Nehru / जवाहरलाल नेहरू

**65. Expected result of Global Warming is:**
**ग्लोबल वार्मिंग का अपेक्षित परिणाम है:**

A. All of these / ये सभी

B. Increase in sea Level / समुद्र के स्तर में वृद्धि

C. Change in coastal line / तटीय रेखा में परिवर्तन

D. Change in crop pattern / फसल पैटर्न में परिवर्तन

*निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 66 से 70) के उत्तर दीजिए ।*

*आजकल पढ़े-लिखे नवयुवकों को विदेशी संस्कृति और जीवन अपनी ओर सर्वाधिक आकर्षित कर रहे हैं। इसके लिए कई माता-पिता का भी सपना होता है कि उनकी संतान विदेशों में पढ़ने जाए, वहाँ की सुख-चैन की ज़िन्दगी बसर करे और समाज में उनका नाम ऊँचा हो । इसमें कुछ ग़लत भी नहीं है। भारत में बेकारी है, ग़रीबी है, गंदगी है, प्रदूषण है, भ्रष्टाचार है, लूट-पाट है और विदेशों में इससे सर्वथा विपरीत स्वर्गीय आनंद है। माँ-बाप के अथक प्रयासों एवं प्रेरणा के फल-स्वरूप बच्चे विदेशों में पढ़ने-बसने चले जाते हैं शुरू में तो माँ-बाप, सगे-सम्बन्धी सभी याद आते हैं पर कालांतर में बच्चे वहाँ की ज़िन्दगी और वहाँ की तथाकथित सभ्यता में इतने रच-बस जाते हैं कि धीरे-धीरे वे पड़ोसियों, सगे-सम्बन्धियों, अपने भारतीय मित्रों और माँ-बाप को भी भूलने लगते हैं। पहले वर्ष में एक-दो बार इसके बाद क्रमशः धीरे-धीरे भारत में आना कम होने लगता है। अगर विदेशी मैम से शादी हो जाए तो कहने ही क्या? कुछेक को छोड़कर ज़्यादातर के ये ही हाल हैं। इसमें उन बच्चों का उतना दोष भी नहीं है और न विदेश भेजने वाले अभिभावक ही कदाचित उतने दोषी हैं। शायद उनके संस्कारों में ही कोई कमी रह गई हो। पीढ़ियों के अंतराल के प्रभाव की समझ न रखने वाले ज़्यादातर माँ-बाप दो-चार महीने तक संतान के पास जाकर इसके बाद वापस स्वदेश आ जाते हैं क्योंकि उनके कमाऊ पूत स्वदेश में आकर बसना नहीं चाहते। बच्चों की शिकायत है कि माँ-बाप उनकी पत्नी और बच्चों के साथ एडजस्ट नहीं करते और अपनी पुराने ज़माने की चीजों को यहाँ थोपना चाहते हैं। इस प्रकार के व्यवहार से वे हमारे साथ कैसे रह पाएँगे? अपने द्वारा भोगे जाने वाले कष्टों और दुश्चिन्ताओं की चर्चा वे माँ-बाप किसी से नहीं करते। उनके द्वारा लिए गए निर्णय पर जग हँसाई के डर के साथ रहने वाले वे बुढ़ापे के कष्टों और बीमारियों को अकेले ही झेलते बच्चों के वियोग में अनकही पीड़ाओं के साथ एक-एक करके दोनों अंततः इस दुनिया से विदा हो जाते हैं।*

**66.**

**आजकल पढ़े-लिखे नवयुवक विदेश क्यों जाते हैं? सर्वाधिक सबल तर्क कौन सा लगता है?**

A. बुढ़ापे में माँ-बाप को अपने पास बुलाकर उनकी सेवा करने के उद्देश्य से जाते हैं।

B. माँ-बाप का सपना पूरा करने, सुख-चैन की ज़िन्दगी बसर करने तथा समाज में प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए जाते हैं।

C. माँ-बाप की ग़रीबी दूर करने एवं उनके बुढ़ापे के लिए सुख-साधन जुटाने के लिए जाते हैं।

D. अपने पड़ोसियों पर रौब गाँठने के उद्देश्य से जाते हैं।

**67.**

**'इस प्रकार के व्यवहार से वे हमारे साथ कैसे रह पाएँगे?' यहाँ ऐसे कौन से व्यवहार की ओर संकेत है जिससे उनकी संतान उन्हें अपने साथ नहीं रख पाती?**

A. विदेश के पड़ोसियों के साथ गाली-गलौज और दुर्व्यवहार करते होंगे।

B. बच्चों से पैसे की माँग करते होंगे।

C. बच्चों के खान-पान पर ऐतराज करते होंगे।

D. बच्चों के परिवार के सदस्यों (पत्नी और उनके बच्चों) के रहन-सहन, खान-पान, पहनावे और चाल-चलन पर ऐतराज़ और कटाक्ष करते होंगे।

**68.**

**विदेश में जा बसे बच्चों के व्यवहार परिवर्तन के लिए कौन दोषी है? अनुच्छेद को ध्यान में रखते हुए सर्वाधिक प्रबल तर्क को चुनिए ।**

A. अधूरे संस्कार

B. विदेश में जा बसे बच्चे

C. बच्चों के माँ-बाप

D. बच्चों के मन में बचपन में माँ-बाप द्वारा बोए गए सपने

**69.**

**विदेश में जा बसे बच्चों के माँ-बाप अपने द्वारा भोगे जाने वाले कष्टों और दुश्चिन्ताओं की चर्चा किसी से क्यों नहीं करते?**

A. गरीबी और अभावों के कारण ।

B. जग हँसाई से बचने के लिए।

C. बच्चों के प्रति उपजी नाराजी के कारण ।

D. भाग्य और अपनी भवितव्यता का खेल समझकर ।

**70.**

**बच्चों की शिकायत है कि माँ-बाप पत्नी और बच्चों के साथ एडजस्ट नहीं करते और अपनी पुराने ज़माने की चीजों को यहाँ थोपना चाहते हैं। इसके लिए कौन सही में दोषी है?**

A. माता-पिता का बिना बात का हठ और ज़िद ।

B. नए माहौल में नए देश में बसने वाले बच्चे ।

C. पुराने जीवन मूल्यों और परम्पराओं के साथ विदेश में बच्चों के साथ बसने के इच्छुक माँ-बाप ।

D. दो पीढ़ियों का अंतराल।

*निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 71 से 75) के उत्तर दीजिए ।*

*आज परिवारों का विघटन होता जा रहा है। परिवार सीमित और छोटे होते जा रहे हैं। पढ़े-लिखे परिवारों में एक या दो बच्चे ही होते हैं। माँ-बाप अपने उपलब्ध संसाधनों से बड़े लाड़-प्यार से बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाते हैं और दुलार के साथ बड़ा करते हैं। पुराने समय*

*का 'लालयेत् पञ्च वर्षाणि, दश वर्षाणि ताडयेत्' वाला फार्मूला अब बदल चुका है। इतना लाड़ मिलने के बावजूद आज की नई पीढ़ी के बच्चे असहनशील होते जा रहे हैं। अगर शिक्षक कक्षा में उनसे कुछ भी कह दें, घर में माँ-बाप या कोई रिश्तेदार कुछ भी कह दें, तो वे तुरंत प्रतिक्रियाशील हो जाते हैं। ग्रहणशीलता समाप्त होती जा रही है और जैसा वे चाहें, वैसा करने की आज़ादी उन्हें चाहिए। अस्तु, येन-केन प्रकारेण बच्चे पढ़-लिखकर नौकरी पा जाते हैं या अपना काम सँभाल लेते हैं। माता-पिता धीरे-धीरे बूढ़े होते जाते हैं। उनके द्वारा बचपन के प्यार से लेकर उस समय तक के त्याग और बलिदान उन्हीं के अपने बच्चों द्वारा भुला दिए जाते हैं। अब माँ-बाप बूढ़े और शक्तिहीन हैं और बच्चों पर बोझ । आज के बूढ़े माँ-बाप पिछली पीढ़ी के बूढ़े माँ-बाप की तुलना में अधिक दयनीय से होते जा रहे हैं। उन्हीं के द्वारा पालित-पोषित बच्चे उन्हें अपने परिवार का सदस्य मन से स्वीकार नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि बुढ़ापे में या तो माँ-बाप अकेले रहते हैं और या अपने ही घर में दीन-हीन से होकर बच्चों का मुँह ताकते हैं। पीढ़ियों के अंतराल से जीवन मूल्यों में तेज़ी से बदलाव हो रहा है। अच्छी भावना से भी यदि बूढ़े माँ-बाप वयस्क बच्चों या उनके परिवार के विषय में कुछ सलाह देते हैं, तो उनकी सलाह का सम्मान नहीं होता । यह संभवतः पीढ़ियों के अंतराल का परिणाम है। अब समय बदल गया है और अनुभवपूर्ण सलाह की इस नई पीढ़ी को आवश्यकता नहीं है। अपेक्षा की जाती है कि यदि उन्हें साथ रहना है तो एडजस्ट करके चलें, अन्यथा वृद्धाश्रम में हम-उम्र लोगों के बीच समय बिताएँ । खुद भी चैन से रहें और उन्हें भी अपनी तरह से चैन से रहने दें। क्या वास्तव में इस सबके लिए युवा पीढ़ी ही दोषी है या कुछ दोष वृद्धों का भी है?*

**71.**

**आज के बुजुर्गों के लिए बदलते समय की कौन-सी सर्वोचित माँग है जिससे वे चैन से अपना बुढ़ापा काट सकें?**

A. बुजुर्ग अपने हेकड़ी से भरे स्वभाव में बदलाव लाएँ।

B. बुजुर्ग अपनी जुबान पर संयम रखें।

C. बुजुर्ग अगली पीढ़ी से सम्मान की अपेक्षा नहीं रखें।

D. बुजुर्ग बुढ़ापे के लिए कुछ अर्जित करके रखें और अगली पीढ़ी के सदस्यों पर न बोझ बनें और न अपनी राय थोपें ।

**72.**

**कौन से माँ-बाप अपने ही घर में दीन-हीन से होकर बच्चों का मुँह नहीं ताकते हैं?**

A. इनमें से कोई नहीं।

B. जिनके पास अब आमदनी का कोई स्रोत नहीं है।

C. जिनके बच्चे संस्कारहीन हैं और माँ-बाप समझदार नहीं हैं।

D. जो माता-पिता बदलते समय के साथ अपने आप को बदल लेते हैं और बहू-बेटों और उनके परिवार को उचित सम्मान देते हैं।

**73.**

**माता-पिता द्वारा प्यार-दुलार एवं समस्त संसाधनों के दिए जाने के बावजूद आज की युवा पीढ़ी से वह आत्मीयता ग़ायब है, जो पुरानी पीढ़ी तक विद्यमान थी। इसका सबसे उचित कारण क्या हो सकता है?**

A. पीढ़ियों के अंतरण के कारण जीवन मूल्यों के बदलने से युवा पीढ़ी अदूरदर्शी और असहनशील होती जा रही है और उसकी ग्रहणशीलता कम होती जा रही है।

B. आज के युवा स्वावलम्बी और स्वतंत्र रहना चाहते हैं। वे स्वयं की और परिवार और नौकरी/व्यवसाय की परेशानियों से जूझ रहे हैं।

C. युवा पीढ़ी ने दूसरों के कष्टों के बारे में सोचना बंद कर दिया है।

D. सभी युवा एक जैसे नहीं होते । कई युवा अभी भी पुराने लोगों को यथोचित सम्मान देते हैं।

**74.**

**संतान के साथ रहने की इच्छा होते हुए भी कई माँ-बाप अकेले क्यों रहते हैं? सबसे सबल तर्क चुनिए।**

A. इनमें से कोई नहीं

B. माँ-बाप का संतान और उसके परिवार के प्रति रूखा व्यवहार, वाणी का असंयम और बहू-बेटों की ज़िन्दगी में ज्यादा दखलंदाज़ी ।

C. माँ-बाप का बीमार और लाचार होना और अपने द्वारा संतान पर किए अहसानों का लगातार गुणगाने करते रहना ।

D. माँ-बाप की आर्थिक स्थिति अच्छी होना ।

**75. The passage criticizes children who fail to understand their parents' sacrifices and treat them as a burden.**

**कौन से बच्चे अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में भेज देने की बात करते हैं?**

A. जो माँ-बाप बहू-बेटों के परिवार का सहारा बनकर रहते हैं और अपना अभिमत उन पर नहीं थोपते हैं।

B. जिनके माँ-बाप बच्चों और उनके परिवार को यथोचित सहारा और सम्मान देते हुए अपना जीवन शांति से बिताते हैं।

C. जो बच्चे संस्कारहीन और अविवेकी हैं और जो अपने भविष्य को नहीं देख पाते ।

D. जिन माता-पिता द्वारा बच्चों को सही संस्कार दिए गए हैं और जो स्वयं संपन्न हैं।

**Q. Nos. 76 to 80: Data for Number of candidates appeared, qualified and selected in competitive examination from five districts over the years 2011 to 2015 is mentioned in table. Study the following table and answer the questions based on it.**

**प्र. सं. 76 से 80 : वर्ष 2011 से 2015 के दौरान पाँच जिलों से प्रतियोगी परीक्षा में उपस्थित, उत्तीर्ण और चयनित उम्मीदवारों की संख्या के आँकड़े तालिका में उल्लिखित हैं। निम्न तालिका का अध्ययन करें और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।**

| वर्ष / Year | जिला A / District A App \| Qual \| Sel | जिला B / District B App \| Qual \| Sel | जिला C / District C App \| Qual \| Sel | जिला D / District D App \| Qual \| Sel | जिला E / District E App \| Qual \| Sel |
|---|---|---|---|---|---|
| 2011 | 8000 \| 850 \| 94 | 7800 \| 810 \| 82 | 7500 \| 720 \| 78 | 8200 \| 680 \| 85 | 6400 \| 700 \| 75 |
| 2012 | 4800 \| 500 \| 48 | 7500 \| 800 \| 65 | 5600 \| 620 \| 85 | 6800 \| 600 \| 70 | 7100 \| 650 \| 75 |
| 2013 | 7500 \| 640 \| 82 | 7400 \| 560 \| 70 | 4800 \| 400 \| 48 | 6500 \| 525 \| 65 | 5200 \| 350 \| 55 |
| 2014 | 9500 \| 850 \| 90 | 8800 \| 920 \| 86 | 7000 \| 650 \| 70 | 7800 \| 720 \| 84 | 6400 \| 540 \| 60 |
| 2015 | 9000 \| 800 \| 70 | 7200 \| 850 \| 75 | 8500 \| 950 \| 80 | 5700 \| 485 \| 60 | 4500 \| 600 \| 75 |

**76. For which district, the average number of candidates selected over the years is the minimum?**

**किस जिले के लिए विगत वर्षों में चयनित उम्मीदवारों की औसत संख्या न्यूनतम है?**

A. District E / जिला E

B. District A / जिला A

C. District C / जिला C

D. District D / जिला D

**77. The percentage of candidates selected from District C over those qualified from District C is highest in the year:**

**जिला C से चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत जिला C से उत्तीर्ण उम्मीदवारों की तुलना में किस वर्ष में सबसे अधिक है?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. 2011

C. 2012

D. 2013

**78. The percentage of candidates qualified from District D over those appeared from District D is lowest in which year?**

**जिला D से उत्तीर्ण उम्मीदवारों का प्रतिशत जिला D से उपस्थित होने वालों की तुलना में किस वर्ष में सबसे कम है?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. 2012

C. 2013

D. 2014

**79. In the year 2011, which district had the highest percentage of candidates selected over the candidates appeared?**

**वर्ष 2011 में, किस जिले में उपस्थित उम्मीदवारों की तुलना में चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत सबसे अधिक था?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. District A / जिला A

C. District C / जिला C

D. District E / जिला E

**80. The number of candidates selected from District E during the period under review is approximately what percent of the number of selected candidates from District A during this period?**

**समीक्षाधीन अवधि के दौरान जिला E से चयनित उम्मीदवारों की संख्या इस अवधि के दौरान जिला A से चयनित उम्मीदवारों की संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. 68.79%

C. 72.31%

D. 88.54%

**Q. Nos. 81 to 85: Study the table and answer the following questions.**

**प्र. सं. 81 से 85: तालिका का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।**

| **महीना / Month** | कंपनी **/ Company** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **P** | **Q** | **R** | **S** | **T** |
| जनवरी / January | 130 | 80 | 155 | 85 | 75 |
| फरवरी / February | 155 | 110 | 88 | 110 | 90 |
| मार्च / March | 180 | 130 | 115 | 100 | 120 |
| अप्रैल / April | 160 | 145 | 240 | 140 | 165 |
| मई / May | 140 | 120 | 130 | 100 | 165 |

**81. What is the ratio of the total number of products sold by company P and R in March to the total number of products sold by the same company in April?**

**मार्च में कंपनी P और R द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या का अप्रैल में उन्हीं कंपनियों द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या से अनुपात कितना है?**

A. 59 : 80

B. 12 : 17

C. 40 : 95

D. 16 : 19

**82. The number of products sold by company S approximately increased by what percent from January to April?**
**कंपनी S द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या में जनवरी से अप्रैल तक लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?**

A. 76.7%
B. 62.9%
C. 64.71%
D. 72.31%

**83. Out of the total number of products sold by company T in March, April and May together, 32% were made of mild steel. What was the total number of mild steel products sold by store T in March, April and May together?**
**कंपनी T द्वारा मार्च, अप्रैल और मई में बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या में से, 32% माइल्ड स्टील से बने थे। मार्च, अप्रैल और मई में स्टोर T द्वारा बेचे गए माइल्ड स्टील उत्पादों की कुल संख्या कितनी थी?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं
B. 144
C. 150
D. 155

**84. What is the average number of products sold by company P, S and T in February? (Approximate)**
**फरवरी में कंपनी P, S और T द्वारा बेचे गए उत्पादों की औसत संख्या कितनी है? (अनुमानित)**

A. 120
B. 112
C. 116
D. 118

**85. What is the difference between the total number of products sold by company Q in January and May together and the total number of products sold by company R in the same months together?**
**कंपनी Q द्वारा जनवरी और मई में मिलाकर बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या और समान महीनों में कंपनी R द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या के बीच का अंतर कितना है?**

A. 102
B. 76
C. 85
D. 98

**Q. Nos. 86 to 90: The pie chart given here shows the spending of university on various sectors during a particular year. Study the chart carefully and answer the questions given below it. (All the values are given in degree.)**
**प्र. सं. 86 से 90: यहाँ दिया गया पाई चार्ट एक विशेष वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों पर विश्वविद्यालय के खर्च को दर्शाता है। चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। (सभी मान डिग्री में दिए गए हैं।)**




**86. Approximately how much percent more is spent on Research than on Events?**
**कार्यक्रमों की तुलना में अनुसंधान पर लगभग कितना प्रतिशत अधिक खर्च किया गया है?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं
B. 63%
C. 86%
D. 90%

**87. Approximately what percent of total spending is spent on Hostel?**
**छात्रावास पर कुल खर्च का लगभग कितना प्रतिशत खर्च किया जाता है?**

A. 12.78%
B. 9.8%
C. 11.2%
D. 11.8%

**88. If the total amount spent on various sectors during the year be ₹ 1,80,00,000, then the amount spent on Infrastructure exceeds on Hostel by:**
**यदि वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों पर खर्च की गई कुल राशि ₹ 1,80,00,000 हो, तो आधारभूत संरचना पर खर्च की गई राशि छात्रावास पर खर्च की गई राशि से कितनी अधिक है?**

A. ₹3,00,000
B. ₹2,00,000
C. ₹2,50,000
D. ₹2,80,000

**89. How much percent less is spent on Sports than on Education?**
**खेलों पर, शिक्षा की तुलना में कितने प्रतिशत कम खर्च किया जाता है?**

A. 48%
B. 32%
C. 35%
D. 42%

**90. If the total amount spent by University during the year was ₹1.8 crores, the amount spent on Education and Research together was:**
**यदि वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा खर्च की गई कुल राशि ₹ 1.8 करोड़ थी, तो शिक्षा और अनुसंधान पर कुल खर्च की गई राशि थी :**

A. ₹72,50,000
B. ₹12,50,000
C. ₹1,45,00,000
D. ₹7,25,000

**Q. Nos. 91 to 95: The following line graph gives the percentage profit earned by two companies A and B during the period 2001 to 2006. Read the graph properly and answer the questions.**
**प्र.सं. 91 से 95: निम्नलिखित लाइन ग्राफ (रेखा आरेख) 2001 से 2006 की अवधि के दौरान दो कंपनियों A और B द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ प्रदान करता है। ग्राफ को ठीक से पढ़ें और प्रश्नो के उत्तर दें।**




**91. The income of two companies A and B in 2005 were in the ratio of 3:4 respectively. What was the respective ratio of their expenditures in 2005?**
**2005 में दो कंपनियों A और B की आय क्रमशः 3 : 4 के अनुपात में थी। 2005 में उनके व्यय का क्रमशः अनुपात क्या था?**

A. 26 : 34
B. 17 : 22
C. 45 : 68
D. 8 : 11

**92. If the incomes of two companies were equal in 2005, then what was the ratio of expenditure of company A to that of company B in 2005?**
**यदि 2005 में दो कंपनियों की आय समान थी. तो 2005 में कंपनी A के व्यय का कंपनी B के व्यय से अनुपात क्या था?**

A. 15 : 17
B. 5 : 7
C. 7 : 5
D. 12 : 17

**93. If the expenditure of company B in 2002 was ₹ 200 crores, what was the income in 2002?**
**यदि 2002 में कंपनी B का व्यय ₹ 200 करोड़ था, तो 2002 में आय क्या थी?**

A. ₹283 crore / ₹283 करोड़

B. ₹216 crore / ₹216 करोड़

C. ₹250 crore / ₹250 करोड़

D. ₹260 crore / ₹260 करोड़

**94. If the expenditures of company A and B in 2001 were equal and the total income of the two companies in 2001 was 342 crores, what was the total profit of the two companies together in 2001? (Profit = Income – Expenditure)**
**यदि 2001 में कंपनी A और B का व्यय समान था और 2001 में दोनों कंपनियों की कुल आय ₹ 342 करोड़ थी, तो 2001 में दोनों कंपनियों का कुल लाभ कितना था? (लाभ = आय – व्यय)**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. ₹174 crore / ₹174 करोड़

C. ₹120 crore / ₹120 करोड़

D. ₹102 crore / ₹102 करोड़

**95. The expenditure of company A in the year 2003 was 200 crores and the income of company A in 2003 was the same as its expenditure in 2006. The income of company A in 2006 was :**
**वर्ष 2003 में कंपनी A का व्यय ₹200 करोड़ था और 2003 में कंपनी A की आय 2006 में उसके खर्च के समान थी। 2006 में कंपनी A की आय क्या थी?**

A. ₹247 crore / ₹247 करोड़

B. ₹465 crore / ₹465 करोड़

C. ₹376 crore / ₹376 करोड़

D. ₹280 crore / ₹280 करोड़

**96. Write the name of Mughal ruler who reimposed 'Jaziya'.**
**'जज़िया' फिर से लगाने वाले मुगल शासक का नाम लिखिए।**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. Aurangzeb / औरंगज़ेब

C. Jahangir / जहाँगीर

D. Humayun / हुमायूँ

**97. Which of the following is considered as one of the most important contribution that was introduced by British?**
**निम्नलिखित में से किसे अंग्रेजों द्वारा शुरू किए गए सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक माना जाता है?**

A. Shipping / शिपिंग

B. Railways / रेलवे

C. Plantations and Mines / वृक्षारोपण और खान

D. Banking and Insurance / बैंकिंग और बीमा

**98. The tales of "The Panchatantra" was written by:**
**'पंचतंत्र' की कथाएँ किसके द्वारा लिखी गई थीं?**

A. Tulsidas / तुलसीदास

B. Valmiki / वाल्मीकि

C. Ved Vyasa / वेदव्यास

D. Vishnu Sharma / विष्णु शर्मा

**99. In __________, Gautam Buddha delivered his first sermon at Sarnath.**
**गौतम बुद्ध ने सारनाथ में अपना पहला उपदेश ______ में दिया था।**

A. Bhumisparsha Mudra / भूमिस्पर्श मुद्रा

B. Dhamma - chakra - pravartana Mudra / धम्म-चक्र-प्रवर्तन मुद्रा

C. Abhaya Mudra / अभय मुद्रा

D. Dhyana Mudra / ध्यान मुद्रा

**100. Which of the following ruler's court poet was Harishena?**
**निम्नलिखित में से किस शासक के दरबारी कवि हरिषेण थे?**

A. None of these / इनमें से कोई नहीं

B. Samudragupta / समुद्रगुप्त

C. Skandagupta / स्कंदगुप्त

D. Kumaragupta / कुमारगुप्त